Reg.: 647/2023
File No. : 604

# Samagra Shiksha Yojana Samiti, Uttar Pradesh

Govern by UP Madhyamik & Basic prabandhak Shikshak kalyan Parishad
Flat No. 101 Singar Nagar, Alam Bagh, Lucknow, 226005
E-mail : support@smsas.org, Tel. No. : 05223693237

पत्रांक :– SMYS/UP/LKO/103/2025-26 दिनांक : 04 / 06 / 2025

# नोटिस

समग्र शिक्षा योजना समिति उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्मावकाश 20 मई 2025 से 25 जून 2025 के उपरांत विद्यालय के समयानुसार अपनी–अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि 1 जुलाई 2025 से शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में जिन नए विद्यालयों को शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा गया है, ऐसे समस्त जनपदों के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विद्यालयों से सम्बंधित सभी औपचारिकताएं दिनांक 25 जून 2025 तक अवश्य पूर्ण कर लें । जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, फर्रूखाबाद, औरैया, बलिया, प्रयागराज, गोण्डा, आजमगढ़, बाँदा, चित्रकूट आदि सम्बंधित जिलों में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी अपने चयन पत्र भी दिनांक 25 जून 2025 तक अवश्य प्राप्त कर लें जिससे 1 जुलाई 2025 से कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। जिन जिलों के विद्यालयों में 25 जून 2025 तक औपचारिकताएं पूरी नहीं की जा सकेंगी, उन्हें 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले निःशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा नहीं बनाया जा सकेगा।

सभी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विद्यालयों से सम्बंधित सभी औपचारिकताएं दिनांक 25 जून 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि समिति द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जिन विद्यालयों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई है, वें समिति के माध्यम से अपना चयन पत्र दिनांक 25 जून 2025 तक अवश्य प्राप्त कर लें। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी प्रतिभागी को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। समिति द्वारा समस्त कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप किये जा रहे हैं। समिति द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शिक्षा सेवा–राष्ट्र सेवा के पावन कार्य को सफल बनायें।

( आर. के. सिंह )

राज्य योजना संयोजक
समग्र शिक्षा योजना समिति उ. प्र.